Email: directoracad.cbse@nic.in
Webite: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23212603
Tele Fax: 011-23234324

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.

# CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

**के.मा.शि.बो./शै./ नि. (शै.अ.प्र.न.)2015** **दिनांक: 07 जनवरी, 2015**
**परिपत्र संख्या-शैक्षणिक. 04/2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय : 12 जनवरी 2015 को स्वामी विवेकानंद पर सी.बी.एस.ई अभिव्यक्ति शृंखला का आयोजन|**

**प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,**

देश के विकास का लक्ष्य के लिए हम आगे मार्ग पर जैसे बढ़ते हैं, उन सभी महापुरूषों को याद करते हैं, जिन्होंने वर्तमान भारत को बनाने में योगदान दिया है। स्वामी विवेकानंद (12 जनवरी 1863 - 4 जुलाई 1902) एक ऐसे अग्रगण्य विद्वान थे जिन्होंने अपने देशवासियों को वास्तविक भारत से परिचित कराने का प्रयत्न किया। स्वयं एक उत्सुक पाठक होते हुए उन्होंने समसामयिक भारत में शिक्षा, अभिप्रेरणा, समर्पण, जीवन लक्ष्य एवं ज्ञान पर अपने विचारों द्वारा एक जागरूकता लाई।

12 जनवरी को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सीबीएसई स्वामी विवेकानंद पर अभिव्यक्ति शृंखला की घोषणा करता है। इस शृंखला के विवरण इस प्रकार से हैं:

- कक्षा VIII-XII के इच्छुक विद्यार्थी 22 अनुसूचित भाषाओं तथा अंग्रेजी में निबंध (1000 शब्द)/चित्र/कविताएँ भेज सकते हैं।
- प्रस्तुति की तिथि एवं समय: 12 जनवरी 2015, प्रात: 9 बजे से सायं 5:30 बजे तक
- प्रस्तुति की विधि: (i) ऑनलाइन लिंक (12 जनवरी 2015 को www.cbseacademic.in पर प्रदान किया जाएगा) अथवा (ii) मोबाइल फ़ोन (संलग्नक 1 एवं 1ए पर दिए विवरण के अनुसार) द्वारा
- विषय एक दिन पहले घोषित किए जाएंगे।
- प्रविष्टियाँ मौलिक होनी चाहिएं।
- विजेताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत प्रविष्टि का प्लेजियारिज्म चेक करके एवं टेलिफोन से वार्तालाप के उपरांत घोषित किया जाएगा।
- सर्वश्रेष्ठ 36 प्रविष्टियों को रु० 2500/- का नक़द पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाणपत्र दिया जाएगा।
- ऑनलाइन प्रतिभागिता प्रमाणपत्र सभी प्रतिभागियों को उनकी मान्य ई-मेल आई डी होने पर दिया जाएगा।

किसी भी जानकारी के लिए आप डा० प्रज्ञा एम. सिंह, संयुक्त निदेशक से 011-23215130 पर अथवा cbseoutreach@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

भवदीया

**हस्ताक्षरित/-**
**डॉ. साधना पाराशर**

**निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**निवेदन के साथ, सभी निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना देने के लिए प्रतिलिपि:**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इन्सटिट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 आर्मी एडुकेशन के अपर निदेशक जनरल, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 सभी क्षेत्रीय निदेशक। के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति भेजने के अनुरोध के साथ।
12 सभी एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
13 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/अप निदेशक/सह-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
14 के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर इस परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध के साथ अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी)
15 सभी सहायक प्रोफेसर एवं अपर निदेशक, के.मा.शि.बो.
16 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
17 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
18 असिस्टेंट लाइब्रेरियन, के.मा.शि.बो.
19 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
20 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
21 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
22 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
23 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के अनुभाग अधिकारी
24 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
25 प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक/अनुसन्धान/प्रशिक्षण एवं नवाचार), के.मा.शि.बो. के निजी सहायक
26 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक
27 निदेशक (एडुसैट) के निजी सहायक

**प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक, अनुसन्धान, प्रशिक्षण एवं नवाचार)**

**संलग्नक 1ए**

**12 जनवरी 2015 को स्वामी विवेकानंद पर सी.बी.एस.ई अभिव्यक्ति शृंखला का आयोजन|**

**12 जनवरी, 2015**

**मोबाइल फोन से प्रस्तुतीकरण का प्रक्रिया प्रवाह**

**सभी इच्छुक प्रतिभागी निम्न निदेर्शों का पालन करें**

प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ निबंध/कविता/चित्रों के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

↓

संलग्नक 1ए में दिए पंजीकरण सह उत्तर शीट को डाउनलोड करें व फार्म में दिए सभी फील्ड को भरें। लिखना प्रारंभ करने से पहले अपना नाम व विद्यालय का पूर्ण पता भरें।

↓

लिखने से पहले सुनिश्चित कर लें कि फार्म में दिए गए सभी फील्ड भर लिए गए हैं।

↓

अपनी प्रविष्टि की फोटो क्लिक करें या प्रविष्टि की छाया को स्कैन करें और WhatsApp पर निम्न अनुसार अपलोड करें:
कक्षा VIII +91-7042745234
कक्षा IX-X +91-9910356962
कक्षा XI-XII +91-9910356965

↓

**नोट:**

1. ईमेल द्वारा भेजी प्रतिष्टियाँ मानी नहीं जाएंगी।
2. श्रेणी/वर्ग के लिए निर्धारित नंबरों के अतिरिक्त अन्य किसी अन्य नंबर पर भेजी प्रविष्टियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
3. प्रविष्टियाँ 5MB से अधिक न हों।
4. प्रविष्टियाँ निर्धारित शब्द-सीमा से अधिक न हों।
5. सभी प्रविष्टियाँ /लेख मौलिक हों।
6. सभी प्रविष्टियाँ संलग्नक 1ए में दिए प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत की जाएँ अन्यथा उन्हें माना नहीं जाएगा।
7. प्लेजियरिज्म का किसी भी समय ज्ञान होने पर पुरस्कार वापस लिया जाएगा।
8. विद्यार्थी जितने भी साधन उपलब्ध हों, उनका संदर्भ कर सकते हैं किंतु प्रस्तुत की गई प्रविष्टियाँ उन्हीं की भाषा में होनी चाहिए।
9. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के चयन के लिए निर्णायक मंडल का फैसला अंतिम होगा व इस संदर्भ में आगे कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।